# संरचनात्मक स्टील इरेक्टर इंटरमीडिएट ट्रेड टेस्ट मॉक प्रैक्टिकल टेस्ट पेपर

此文件關於結構鋼架中工工藝測試考題。如有需要索取此文件的中文版本，請致電 2100 9000 與香港建造業工藝測試中心聯絡。

This document related to mock test paper of intermediate trade test for Structural Steel Erector. Should you require an English version of this document, please contact Hong Kong Construction Industry Trade Testing Centre at 2100 9000 .

# अस्वीकरण

इस सामग्री का कोई भी भाग CIC की लिखित अनुमति के बिना किसी भी रूप में या किसी भी माध्यम से पुन: प्रस्तुत या प्रेषित नहीं किया जा सकता है। इस सामग्री में निहित जानकारी की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रयास किए जाने के बावजूद, CIC फिर भी पाठकों को अपने पेशेवर सलाहकारों से उचित स्वतंत्र सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा जहां संभव हो और पाठकों को इस सामग्री को किसी भी प्रासंगिक कार्रवाई करने के लिए पेशेवर सलाह के विकल्प के रूप में नहीं लेना चाहिए।

# पूछताछ

इस सामग्री के बारे में पूछताछ हांगकांग कन्स्ट्रक्सन इन्डस्ट्री ट्रेड टेस्टिङ सेन्टर में की जा सकती है:


| | |
|---|---|
| 95, Yue Kwong Road | 95, यू क्वांग रोड |
| Aberdeen | एबरडीन |
| Hong Kong | हॉग कॉग |

टेलीफोन: (852) 2100 9000

फैक्स: (852) 2100 9090

ईमेल: enquiry@cic.hk

वेबसाइट: www.cic.hk


©२०२० कन्स्ट्रक्सन इन्डस्ट्रि काउन्सिल

# इंटरमीडिएट ट्रेड टेस्ट पेपर

ट्रेड : संरचनात्मक स्टील इरेक्टर

कौशल का स्तर : अर्ध-कुशल कामगार

प्रश्न ड्राइंग: : इसके अनुसार निर्दिष्ट स्थान पर निम्नलिखित आइटम्स को पूरा करें

(1) टूल्स और मैटेरियल्स के बारे में जानें, मैनुअल टूल्स को ऑपरेट करें और क्रेन ऑपरेटर को सही स्थिति बताएं:

i. टूल्स के बारे में प्रश्न के अनुसार उद्योग में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले टूल्स और मटेरियल का सही ढंग से चयन करें;

ii सही तरीके से हाथ के संकेतों के अनुसार क्रेन ऑपरेटर के साथ संचार के लिए हाथ के संकेतों का चयन और प्रदर्शन करें;

iii. धातु की सतह पर किनारों को चिकना करने और आसपास के वेल्डिंग स्लैग को साफ करने के लिए इलेक्ट्रिक हैंड ग्राइंडिंग मशीन ऑपरेट करें।

(2) आई-बीम को उठाना

i. सही विधि के साथ स्लिंग्स और मैनुअल चेन ब्लॉक इनस्टॉल करें;

ii. हैंड टूल्स ऑपरेट करें और बीम को सही विधि से सुरक्षित रूप से उठाएं;

iii. मैनुअल चेन ब्लॉक को फिक्स और लॉक करें।

(3) वर्किंग प्लेटफ़ॉर्म के लिए सुरक्षात्मक सुरक्षा जाल इनस्टॉल करें और धातु फ्रेम घटक के लिए बोल्ट को इनस्टॉल करें/कसें

i. कृत्रिम संरचनात्मक स्टील प्लेटफॉर्म पर क्षैतिज बीम के जोड़ पर बोल्ट को कसने के लिए बोल्ट जॉइनिंग विधि का उपयोग करें।

समय सीमा : 3 घंटे


नोट्स:

(1) अभ्यर्थियों को शुरू करने से पहले अनुलग्नक में "अभ्यर्थियों के लिए नोट्स" पढ़ना चाहिए;

(2) यदि अभ्यर्थी परीक्षण के दौरान सुरक्षा सावधानी पूरी नहीं करता है, तो उसे परीक्षण में असफल माना जाएगा; और


(3) टेस्ट पेपर में 3 पृष्ठ होते हैं। सभी टेस्ट आइटम्स 100 अंक के होंगे और उत्तीर्ण होने के लिए 60 अंक आवश्यक हैं।

<u>इंटरमीडिएट ट्रेड टेस्ट पेपर</u>




रचनात्मक स्टील इंटरमीडिएट ट्रेड टेस्ट पोस्ट

आरेख अनुपात में नहीं है
माप मिमी में हैं




<u>विवरण **‘A’**</u>

परिक्षार्थी के लिए नोट्स:

1. अभ्यर्थियों को टेस्ट पेपर को ध्यान से पढ़ना चाहिए और किसी भी प्रश्न के लिए अन्वेषक से पूछना चाहिए।

2. अभ्यर्थियों को परीक्षण शुरू होने से पहले, यदि कोई हो, टेस्ट पेपर से जुड़े आरेख और विनिर्देशों का अध्ययन करना चाहिए।

3. अभ्यर्थियों को टेस्ट पेपर, कार्यकारी आरेखण और विनिर्देशों के अनुसार टेस्ट देना चाहिए।

4. अभ्यर्थियों को अपने स्वयं के सुरक्षा जूते लाने चाहिए, अन्य सुरक्षा उपकरण ट्रेड टेस्टिंग सेंटर द्वारा प्रदान किए जाएंगे। अभ्यर्थियों को कार्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा सावधानी बरतनी चाहिए।

5. टेस्ट के लिए आवश्यक सभी उपकरण और सामग्री ट्रेड टेस्टिंग सेंटर द्वारा प्रदान की जाएगी, अभ्यर्थियों को उनकी पर्याप्तता और गुणवत्ता की जांच करनी चाहिए। अभ्यर्थी ट्रेड कार्यअभ्यास के आधार पर औजारों और सामग्रियों का उचित उपयोग करेंगे। टेस्ट के बाद सभी उपकरणों को ट्रेड टेस्टिंग सेंटर में लौटा दिया जाना चाहिए। अभ्यर्थी किसी भी समस्या के लिए अन्वेषक से पूछ सकते हैं।

6. अभ्यर्थियों को टेस्ट में उपयोग के लिए उपकरण और सामग्री को संभालने और स्थानांतरित करने और संबंधित कार्यों को करना आवश्यक है।

7. परीक्षक टेस्ट के दौरान समय-समय पर तस्वीरें लेंगे।

8. अभ्यर्थियों को कैमरा या मोबाइल फ़ोन के साथ कोई भी फ़ोटो या वीडियो लेने की अनुमति नहीं है।

9. आपातकालीन स्थिति के अलावा, अभ्यर्थियों को ट्रेड टेस्ट के दौरान अपने मोबाइल फ़ोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं है।

10. अंकन योजना निम्नलिखित मानदंडों पर आधारित है:

    a) आरेख और विनिर्देश की समझ
    b) टेस्ट शुरू होने से पहले तैयारी
    c) काम करने की प्रक्रिया
    d) कार्य की सटीकता और गुणवत्ता
    e) कार्य की प्रगति
    f) सामग्री की उचित हैंडलिंग और उपयोग
    g) यंत्रों और उपकरणों का का उचित उपयोग
    h) सूरक्षा सावधानियां
    i) अन्य ट्रेड की समझ
    j) टेस्ट पूरा होने के बाद हाउस कीपिंग

11. समय समाप्त होने पर सभी अभ्यर्थियों को रुकना होगा।

12. अभ्यर्थी को परीक्षण के बाद निरीक्षक को टेस्ट पेपर वापस करना होगा।

13. निरीक्षक को रिश्वत की पेशकश करना कानूनी अपराध है और ट्रेड टेस्टिंग सेंटर ऐसे किसी भी मामले के लिए ICAC को रिपोर्ट करेगा।

**यदि अभ्यर्थी किसी भी आवश्यक सुरक्षा सावधानी बरतने और / या किसी भी खतरनाक परिस्थितियों में काम करने में विफल रहता है, उसका मूल्यांकन अनुतीर्ण हो जाएगा ।**